राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन्स फाटक सी–स्कीम, जयपुर।
टेलीफैक्स : 0141–2222403, 2222469 ईमेल : dlbrajasthan@gmail.com वेबसाईट : www.lsg.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2018/बजट घोषणा/21272-469 दिनांक :23/03/2018

1. उप निदेशक (क्षेत्रीय),
   स्थानीय निकाय विभाग,
   (समस्त) राजस्थान।
2. आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
   नगर निगम/परिषद/पालिका,
   समस्त राजस्थान।

**विषय : माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा वित्तीय वर्ष 2018–19 के बजट में की गई घोषणाओं की क्रियान्विति बाबत।**

**प्रसंग : विभाग का समसंख्यक पत्रांक : 12445–669 दिनांक 26.02.2018 एवं 19138–361 दिनांक 16.03.2018 के क्रम में।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदया द्वारा बजट वर्ष 2018–19 में की गई घोषणा की क्रियान्विति हेतु अम्बेडकर भवनों के निर्माण, श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास तथा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य करवाने हेतु विभाग द्वारा राशि का प्रावधान करते हुये भूमि का चयन/आवंटन करवाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। साथ ही उक्त कार्यो की दिनांक 23.03.2018 को निविदायें आमंत्रित कर शीघ्र निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुये दिनांक 11.04.2018 तक कार्यादेश जारी करने हेतु निर्देशित किया गया है।

यहाँ उल्लेखनीय है कि उपरोक्त तीनों कार्यों से संबंधित शिलान्यास समारोह/कार्यक्रम समस्त नगर निकायों के स्तर पर दिनांक 14.04.2018 (डॉ. भीमराव अम्बेड़कर जयन्ती) को आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाना है।

अतः इस सम्बन्ध में पुनः निर्देशित किया जाता है कि अम्बेडकर भवनों के निर्माण, श्मशान एवं कब्रिस्तान के विकास तथा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण करते हुये निर्धारित तिथि को कार्यादेश जारी करना सुनिश्चित करें।

उपरोक्त कार्यो हेतु नगरीय निकायों द्वारा भूमि/स्थल चयन करने सहित निविदा आमंत्रित करने सम्बन्धी की गई कार्यवाही की सूचना संलग्न निर्धारित **प्रपत्र में DDR के माध्यम से विभाग को ईमेल dlbrajasthan@gmail.com व cedlbjp@gmail.com पर आज ही प्रेषित करें।**

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक : एफ 55( )अभि./सीई/डीएलबी/2018/बजट घोषणा/21431-694 दिनांक :23/03/18
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

01. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
02. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
03. जिला कलेक्टर (समस्त), राजस्थान।
04. प्रभारी, स्मार्टराज सेन्टर, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु।

(भूपेन्द्र माथुर)
o/c मुख्य अभियन्ता

# बजट घोषणा (सं. 160) 2018–19 के कार्यो की प्रगति रिपोर्ट

## 1. अम्बेडकर भवन का निर्माण कार्य :–

| क्र. सं. | नगरीय निकाय का नाम | अम्बेडकर भवन के स्थान का चिन्हीकरण दिनांक | स्थान का विवरण (स्थिति) | माप (मी. में) (ल.xचौ.) | क्षेत्रफल वर्गमीटर | तकमीना राशि (लाखों में) | निविदा जारी करने की दिनांक | निविदा की वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | कार्यादेश जारी करने की सम्भावित दिनांक | कार्य पूर्ण करने की सम्भावित दिनांक | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

## 2. श्मशान एवं कब्रस्थान के विकास कार्य :–

| क्र. सं. | नगरीय निकाय का नाम | श्मशान एवं कब्रस्थान के स्थान का चिन्हीकरण दिनांक | स्थान का विवरण (स्थिति) | माप (मी. में) (ल.xचौ.) | क्षेत्रफल वर्गमीटर | तकमीना राशि (लाखों में) | निविदा जारी करने की दिनांक | निविदा की वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | कार्यादेश जारी करने की सम्भावित दिनांक | कार्य पूर्ण करने की सम्भावित दिनांक | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

## 3. सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य :–

| क्र. सं. | नगरीय निकाय का नाम | सार्वजनिक शौचालयों के स्थान का चिन्हीकरण दिनांक | स्थान का विवरण (स्थिति) | माप (मी. में) (ल.xचौ.) | क्षेत्रफल वर्गमीटर | तकमीना राशि (लाखों में) | निविदा जारी करने की दिनांक | निविदा की वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | कार्यादेश जारी करने की सम्भावित दिनांक | कार्य पूर्ण करने की सम्भावित दिनांक | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |